# कुलमिपुरा स्कूल में बनेगा जैविक किचन गार्डन

**प्रतापगढ़,बन्शीलाल धाकड़ राजपुरा।** धमोतर 18 जुलाई 2022 प्रो स्कोप ऑर्गेनिक परियोजना के तहत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कुलमी पुरा में ब्लॉक धमोतर जिला प्रतापगढ़ जैविक किचन गार्डन विकसित करने के लिए बालक बालिकाओं का समूह तैयार किया गया प्रोजेक्टर के माध्यम से जैविक खेती क्यों आवश्यक है इसके लिए राजीव जी दीक्षित की पिक्चर दिखाइए गई जैविक खेती की जानकारी देते हुऐ जैविक प्रचारक बन्शीलाल लाल धाकड ने रासायनिक खेती और जैविक खेती के बीच में क्या अंतर है इसके बारे में विस्तृत रूप से बच्चों को समझाया,साथ ही धाकड़ ने जैविक किचन गार्डन तैयार करने की विधि व उदेश्य के बारे में बच्चों को बताया द्य कट्स चित्तौड़गढ़ से उप समन्वयक श्रीमान मदन गिरी गोस्वामी ने बताया की जैविक किचन गार्डन बहुत उपयोगी है उसको तैयार कैसे करना है व इसकी कार्य योजना व तैयारी को लेकर विस्तार से चर्चा की विद्यालय से प्रधानाचार्य जी श्री अजय कुमार अग्रवाल एमडीएम प्रभारी श्रीमती किरण दोसाया वरिष्ठ अध्यापक दीप्ति जैन लेवल अध्यापक श्री नारायण लाल मीणा एवं छात्राध्यापक श्री मनोज सुथार एवं छात्र अंजलि शर्मा राधा पाटीदार एवं अन्य छात्र-छात्राओं ने भाग लिया कट्स मानव विकास केंद्र चित्तौड़गढ़ से गायत्री जी, गोवर्धन लाल जी पारीक, मोहन जी मेघवाल ने जैविक खेती पर अपने विचार व्यक्त किए द्य कट्स मानव विकास केंद्र चित्तौड़गढ़ से गायत्री जी, गोवर्धन लाल जी पारीक, मोहन जी मेघवाल ने जैविक खेती पर अपने विचार व्यक्त किए ।



समयदूत



दैनिक भास्कर
जोधपुर भास्कर 24-07-2022

# केरला नाडा में बनेगा जैविक किचन गार्डन



**मथानिया|** केरला नाडा स्कूल में जैविक किचन गार्डन बनाया जाएगा। कट्स इंटरनेशनल एवं मरुधर गंगा सोसायटी के द्वारा संचालित प्रोस्कोप ऑर्गेनिक परियोजना के तहत राउप्रावि केरला नाडा में जैविक किचन गार्डन एवं यूथ क्लब विकसित करने लिए बालक-बालिकाओं एवं जैविक किसानों की भागीदारी में बैठक आयोजित की गई। सोसायटी के मुख्य कार्यकारी भरत कुमार भाटी ने बताया कि किचन गार्डन बनने से स्कूल में बनने वाले मिड डे मील मध्यान भोजन में जैविक सब्जियां मिल सकेगी। कार्यक्रम में नेवरा गांव के कृषि पर्यवेक्षक महेंद्र बाना ने बताया कि रासायनिक और जैविक खेती के बीच में क्या अंतर है उसके बारे में विस्तृत रूप से बच्चों को समझाया। इस मौके कट्स इंटरनेशनल के धर्मेंद्र चतुर्वेदी, प्रधानाध्यापक लीला मीणा, बुद्धाराम सियोल आदि ने विभिन्न जानकारियां साझा की।

# कुलमीपुरा स्कूल में बनेगा जैविक किचन गार्डन






• खबर गुलशन डेस्क

**प्रतापगढ़ (बन्शीलाल धाकड़ राजपुरा)** धमोतर प्रो-स्कोप ऑर्गेनिक परियोजना के तहत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कुलमी पुरा में ब्लॉक धमोतर जिला प्रतापगढ़ जैविक किचन गार्डन विकसित करने के लिए बालक बालिकाओं का समूह तैयार किया गया प्रोजेक्टर के माध्यम से जैविक खेती क्यों आवश्यक है इसके लिए राजीव जी दीक्षित की पिक्चर दिखाइए गई जैविक खेती की जानकारी देते हुऐ जैविक प्रचारक बन्शीलाल लाल धाकड ने रासायनिक खेती और जैविक खेती के बीच में क्या अंतर है इसके बारे में विस्तृत रूप से बच्चों को समझाया।

साथ ही धाकड़ ने जैविक किचन गार्डन तैयार करने की विधि व उदेश्य के बारे में बच्चों को बताया। कट्स चित्तौड़गढ़ से उप समन्वयक श्रीमान मदन गिरी गोस्वामी ने बताया की जैविक किचन गार्डन बहुत उपयोगी है उसको तैयार कैसे करना है व इसकी कार्य योजना व तैयारी को लेकर विस्तार से चर्चा की विद्यालय से प्रधानाचार्य जी श्री अजय कुमार अग्रवाल एमडीएम प्रभारी श्रीमती किरण दोसाया वरिष्ठ अध्यापक दीप्ति जैन लेवल अध्यापक श्री नारायण लाल मीणा एवं छात्राध्यापक श्री मनोज सुथार एवं छात्र अंजलि शर्मा राधा पाटीदार एवं अन्य छात्र-छात्राओं ने भाग लिया कट्स मानव विकास केंद्र चित्तौड़गढ़ से गायत्री जी, गोवर्धन लाल जी पारीक, मोहन जी मेघवाल ने जैविक खेती पर अपने विचार व्यक्त किए। कट्स मानव विकास केंद्र चित्तौड़गढ़ से गायत्री जी, गोवर्धन लाल जी पारीक, मोहन जी मेघवाल ने जैविक खेती पर अपने विचार व्यक्त किए।

# स्कूल में जैविक किचन गार्डन से बच्चों को करेंगे प्रेरित




**स्मार्ट हलचल । बीगोद**

कट्स संस्थान द्वारा स्वीडिश सोसायटी फोर नेचर कंजर्वेशन के सहयोग से राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय धाकड़खेड़ी में जैविक किचन गार्डन तैयार करने के लिए स्कूल में बच्चों एवं शिक्षकों के साथ बैठक की गई।

संस्थान के कार्यक्रम सहायक गोवर्धन लाल पारीक ने बताया कि जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए प्रोस्कोप परियोजना राजस्थान राज्य के 12 जिलों में संचालित की जा रही है ।

इस परियोजना के अन्तगत हर जिले में दो-दो ग्राम पंचायतों में जैविक मॉडल गांव बनाने के लिए पांच वर्ष तक कार्य किया जाएगा।

परियोजना के माध्यम से ऐसा वातावरण बनाया जाऐगा जिससे बच्चे प्रेरणा लेकर अपने माता पिता एंव गांव के किसानों को जैविक गार्डन संचालित करने के प्रेरित करेंगे।

सब्जियो का उपयोग विद्यालय मिडे मिल में उपयोग किया जाएगा जिससे बच्चे जैविक सब्जियां एवं रासायनिक सब्जियों के स्वाद में अन्तर कर पाये एंव उनके स्वास्थ्य लाभ को समझ सके।

इसी के साथ बच्चों को प्रोजेक्टर के माध्यम से राजीव दिक्षित की जैविक खेती करने के लिए फिल्म दिखाई गई। बच्चों को कुछ सवालों का जवाब देकर भी समझाया गया।

विद्यालय से शिक्षक महेन्द्र पालावत, कट्स मानव विकास केन्द्र भीलवाडा से प्रतिभा अजमेरा ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

# घघटाना में किचन गार्डन व स्कूल क्लब एवं सामुदायिक बीज केंद्र की स्थापना हेतु साझा बैठक संपन्न

कोटा । कट्सइंटरनेशनल जयपुर एवं राम कृष्ण शिक्षण संस्थान भदानाकोटा द्वारा ( राजस्थान में उपभोक्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए सतत उपभोग की गतिविधियों एवं जैविक उपभोग उत्पादन को बढ़ाते हुए जीवन शैली की संस्कृति का विकास करना) प्रोस्कोप परियोजना के तहत ग्राम घघटाना ग्राम पंचायत मानसगाँव, ब्लॉक लाडपुरा के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय घघटाना में किचन गार्डन व स्कूल क्लब स्थापित एवं ग्राम घघटाना की बाड़ी मे विकसित करने एवं ग्राम- में सामुदायिक बीज केंद्र की स्थापना हेतु महिलाओ एवं प्रगति शील किसानो के साथ बैठक आयोजित की गई ! संस्था सचिव एवं जिला समन्वयक श्री युधिष्ठिर चानसी ने बताया की कार्यक्रम में श्री धर्मेंद्र चतुर्वेदी वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी कट्स इंटरनेशनल जयपुर के द्वारा परियोजना संबंधी जानकारी परिचय एवं आगामी गतिविधियों के बारे में बताया ! जेविक



किचन गार्डन हेतु संस्था प्रधान श्रीमती मनोज कंवर ,सरपंच श्री नरेश कुमार मेघवाल एस जीएम अध्यक्ष श्री धनराज सैनी डॉ राम राज मीणा उद्यानिकी विशेषज्ञ कृषि विज्ञान केंद्र कोटा ने किचन गार्डन एवं लुप्त बीजों के रखरखाव और संरक्षण हेतु सुझाव दिए एवं प्रेरित किया एवं श्रीमती गुंजन सनाढ्य ने पोषण वाटिका के माध्यम से महिलाओं को प्रेरित किया और समझाया खाद्य प्रसंस्करण प्रभारी कृषि विज्ञान केंद्र कोटा एवं श्री महेंद्र सिंह महेंद्र मीणा एल एस ए राजीविका पशुपालन हेमराज मीणा एपीओ अध्यक्ष जी के द्वारा गार्डन एवं हेतु बच्चों को प्रेरित किया गया एवं ग्राम घघटाना की बाड़ी में सामुदायिक केंद्र स्थापना हेतु महेंद्र सैनी सैनी एपीओ डायरेक्टर एवं कृषक मित्र मगन मीणा , गिराज शर्मा कृषक मित्र, महेंद्र मीणा एलएसए व रामराज मीणा एवं श्रीमती गुंजन सनाढ्य द्वारा बीजों का महत्व संरक्षण और उनके रखरखाव संबंधित जानकारियां उपलब्ध कराई संस्था सचिव युधिष्ठिर चांनसी ने आगामी 5 वर्षों तक गांव को मॉडल विलेज बनाए जाने सभी से सहयोग हेतु सहमति ली,

# डूंगर गांव विद्यालय में जैविक उद्यान का किया अवलोकन

**निहाल दैनिक समाचार**
**22 दिसम्बर 2022**

रिपोर्टर कालूराम कुमावत बनाकिया खुर्द

सामाजिक विकास संस्थान एवं कट्स इंटरनेशनल जयपुर के द्वारा प्रो ऑर्गेनिक परियोजना के तहत विकसित किए गए जैविक गार्डन का अवलोकन किया गया। कट्स जयपुर से पधारे राजदीप पारीक ने जैविक उद्यान के अवलोकन के दौरान बताया की विद्यालय में जैविक उद्यान विकसित करने का उद्देश्य बच्चो में जैविक खेती के प्रति सोच विकसित करना है, जिससे बच्चे विद्यालय में करके सीखेंगे और उसके फायदे अपने परिवार वालो को बताएंगे। जिससे उनके माता पिता भी खेती में इस विधि को अपनाएंगे। दूसरा मुख्य उद्देश्य उस जैविक उद्यान से उत्पादित सब्जियो को मिड डे मील में शामिल करना है जिससे बच्चो को रासायनिक और जैविक उत्पादों के स्वाद के बारे जानकारी मिलेगी सामाजिक विकास संस्थान के नाथू राम चौधरी ने बताया की उक्त पंचवर्षीय योजना के अंतर्गत झालावाड़ जिले की दो पंचायत समितियों की चार पंचायतों में काम किया जाएगा और दो आदर्श जैविक गांव विकसित किए जायेंगे।



अवलोकन के दौरान विद्यालय में अध्यापकों ने बताया की यहां पर जैविक उद्यान के साथ साथ केचुए की खाद भी बनाई जा रही है जिसको आने वाले समय में इसी उद्यान में और पौधे लगाने के काम में लिया जायेगा। इस दौरान बच्चो ने भी भरोसा दिलाया कि ऐसा एक जैविक गार्डन वो अपने-अपने घर पर भी विकसित करेंगे। इस दौरान राजेंद्र ने कार्यक्रम का संचालन किया तथा, सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।



ग्या का सूचना जाएगा। जिला प्रशासन के ऑनलाइन पोर्टल इस अवसर पर अतिरिक्त कलक्टर के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# उच्च प्राथमिक विद्यालय घघटाना में जैविक उद्यान मूल्यांकन बैठक संपन्न

**हेडलाइन न्यूज़ ।कोटा**

रामकृष्ण शिक्षण संस्थान भदाना कोटा एवं कट्स इंटरनेशनल जयपुर के संयुक्त तत्वाधान में स्वीडिश सोसायटी फॉर नैचर कंजर्वेशन (एस एस एन सी ) के सहयोग से संचालित राजस्थान में उपभोक्ताओ की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए सतत उपभोग की गतिविधियों एवम जैविक उपभोग व उत्पादन को बढाते हुए जीवनशैली संस्कृति का विकास करना (प्रो स्कोप )परियोजना के अंतर्गत कोटा जिलें में चयनित मॉडल विलेज के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय घघटाना ,ब्लॉक लाडपुरा में विकसित किये गये जैविक उद्यान मूल्यांकन बैठक आयोजित की गयी ।




जिसमे संस्था सचिव व जिला समन्वयक युधिष्ठिर चांनसी ने परियोजना का परिचय एवम अगामी वर्षो में आयोजित कि जाने वाली गतिविधियों की जानकारी देते हुये सर्वप्रथम एक् दिन् पुर्व् विद्यालय को ब्लॉक स्तर पर सम्मानित होने पर संस्था एवं कट्स की और से प्रधानाध्यापिका श्री मती मनोजकंवर को बधाई दी ।बैठक में मुख्य अतिथि बिगुल कुमार जैन सेवानिवृत्त उप मुख्य अभियंता थर्मल ने कहा कि विद्यालय के बच्चो

द्वारा जो जैविक उद्यान विकासित किया है उससे निश्चित रूप से आगामी पीढी में जैविक के प्रति सोच कों बढावा मिलेगा विद्यालय परिवार का इसमे सबसे बडा सहयोग रहा है ।एस एम सी के अध्यक्ष धनराज सैनी ने कहा की मेरे द्वारा व सभी ग्रामवासियों का इस गतिविधी कों बढाने में सदैव सहयोग रहेगा।श्रीमति मनोजकँवर प्रधानाध्यापिका ने बताया कि जैविक उद्यान कों विकसित करने के लिये क्लास वाईजग्रुप् बनाये गये है।कार्यक्रम का संचालन अध्यापकदुर्गा शंकर यादव द्वारा किया गया। कार्यक्रम में अध्यापिका संतोष कुमारी,रेखा कुमारी,विद्या कुमारी लालवानी,मिथला मीणा आदि कि सहभागीता व सराहनीय सहयोग रहा !अंत में शाला प्रधान श्रीमती मनोजकँवर द्वारा कट्स इंटरनेशनल जयपुर व रामकृष्ण शिक्षण संस्थान का आभार व्यक्त किया ।